# B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

NABET

INDIAN PUBLIC SCHOOLS' CONFERENCE

## PERIODIC_TEST- 01 (2025-26)
## HINDI (085)

Class : X
Date : 30.06.2025
Admission No.:

Duration : 1 Hrs
Max. Marks : **25**
Roll No.:

---

सामान्यनिर्देशाः
1. कृपया अच्छी तरह परीक्षणं कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 8 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूपम् -

| | |
|---|---|
| भाग 'क' : अपठित गद्यांश | 07 अङ्क |
| भाग 'ख' : व्याकरणम् | 06 अङ्क |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 07 अङ्क |
| भाग 'घ' : पत्र लेखन | 05 अङ्क |

---

### भाग 'क' : अपठित गद्यांश (07 अङ्क)

प्रश्न 01 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए पश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार दीजिए –

बड़ी चीजें बड़े संकट में विकास पाती हैं। वहीं बड़ी हस्तियाँ, बड़ी मुसीबतों में पलकर दुनिया पर कब्जा करती हैं। अकबर ने 13 साल की उम्र में अपने बाप के दुश्मन को परास्त कर दिया था। जिसका एक मात्र कारण यह था कि अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय जब उसके बाप के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी। महाभारत में देश के प्रायः अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे, मगर फिर भी जीत पांडवों की हुई क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत सह ली थी। क्योंकि उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था। साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता है कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जन्नत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्य को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देख कर चलना यह साधारण जीव का काम है । क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो किसी पड़ोसी से या पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं ।

[1] इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होना चाहिए ? 1 अंक

क] संकट और विकास  ख] साहस की आवश्यकता
ग] हिम्मत की जिंदगी  घ] स्वाभिमानी जीवन

[2] पांडवों की जीत के पीछे क्या कारण बताया गया है ? 1 अंक

क] सत्य की शक्ति  ख] कृष्ण का साथ
ग] भाग्य का साथ  घ] संकटों का मुकाबला

[3] साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है यह किस प्रकार का वाक्य है ? 1 अंक

क] सरल वाक्य  ख] संयुक्त वाक्य
ग] मिश्रा वाक्य  घ] जटिल वाक्य

[4] साहसी मनुष्य की पहचान क्या है ? 2 अंक

[5] क्रांतिकारी लोग कैसे होते हैं ? 2 अंक

भाग 'ख' : व्याकरणम् (06 अङ्क)

प्रश्न 2 पदबंध के आधार पर किन्हीं दो पश्नों के उत्तर दीजिए - 2 अंक

[1] संज्ञा पदबंध का उदाहरण देते हुए कारण स्पष्ट कीजिए |

[2] सर्वाधिक रन बनाने वाला वह बल्लेबाज देशभक्त है | रेखांकित अंश किस पदबंध का उदाहरण है और क्यों ?

[3] मेरे घर के सामने बना बगीचा सार्वजनिक है | रेखांकित अंश का भेद स्पष्ट करते हुए कारण बताइए |

प्रश्न 3 वाक्यरूपांतरण के आधार पर किन्हीं दो पश्नों के उत्तर दीजिए - 2 अंक

[1] जब तेज वर्षा हुई तब नदी में बाढ़ आ गई | वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए |

[2] सर्वाधिक दुश्मनों को मात देने वाला वह सैनिक देशभक्त है | वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए |

[3] सुबह हुई-पक्षी चहचहाने लगे | वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए |

प्रश्न 4 समास के आधार पर किसी एक पश्न का उत्तर दीजिए - 1 अंक

[1] चक्रपाणी का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए |

[2] अंशु है माला जिनकी” विग्रह्पद के लिए समस्तपद लिखते हुए समास का नाम लिखिए |

प्रश्न 5 मुहावरे के आधार पर किसी एक पश्न का उत्तर दीजिए - 1 अंक

[1] आजकल समाचार चैनल वाले छोटी वारदात को भी ------------- बनाकर प्रस्तुत करे हैं | उचित मुहावरे से रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए |

[2] दूसरों के सामने बोलते समय शब्दों को ------------ बोलना चाहिए | उचित मुहावरे से रिक्तस्थान की पूर्ति कीजिए |

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (07 अङ्क)

प्रश्न 6 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में दीजिए – 4 अंक

[1] “हम घर जाल्या आपणाँ” कहकर कवि कबीर क्या समझाना चाहते हैं ?

[2] कवि कबीर ने संसार में सच्चा हितैषी किसे कहा है और क्यों ?

[3] कबीर ने सुख व दुःख की सच्ची परिभाषा दी है | कैसे ?

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए – 3 अंक

[1] बड़े भाई साहब का चरित्र चित्रण कीजिए |

[2] बड़े भाई साहब ने शिक्षा पद्धति की किन विसंगतियों पर व्यंग्य किया है ? क्या वही विसंगतियाँ वर्तमान शिक्षा प्रणाली में मौजूद हैं ?

भाग 'घ' : लेखन (05 अङ्क)

प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन कीजिए – 5 अंक

[1] आप डी -16 प्रतापगढ़ निवासी मनोहर हैं | आपके क्षेत्र में अनैतिक तरीके से रेत खनन का कार्य चल रहा है | इसकी शिकायत कलेक्टर प्रतापगढ़ को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर कीजिए |

[2] दिल्ली के इन्द्रप्रस्थ क्षेत्र में घुसपैठिए आकर पैर पसार रहे हैं | इन्द्रप्रस्थ निवासी प्रमेन्द्र की ओर से गृहमंत्रालय भारत सरकार को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखकर सूचना दीजिए और भारत पर आने वाले संकट की ओर ध्यान आकर्षित कीजिए |

=========================== समाप्त ==============================